


दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 03 | लखनऊ, बुधवार, 17 जुलाई , 2019 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00




# 'मोनेरेको एसोसियेशन' के लखनऊ चेप्टर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न







**राष्ट्रीय प्रस्तावना**

लखनऊ। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, लखनऊ.चैप्टर के अल्यूमनाइ के तत्वाधान मे 'माँ चन्द्रिका देवी धाम' परिसर में 50 से अधिक सदस्यगण व परिवार उपस्थित होकर बृक्षारोपड़ किया तथा मैगो पाट्री बड़े उत्साह से मनाई । उक्त अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष, डॉ0 भरत राज सिंह, कोषाध्यक्ष इं0 वी0सी0राय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं0 मनजीत सिंह अरोड़ा ने सभी आगन्तुक व इन्जीयर बन्धुओं तथा उनके परिवार का स्वागत किया । इसी क्रम में, माँ चन्द्रिका देवी धाम परिसर जहा पर 'नवरात्रि'के मेले के समय लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है, पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों मे चेतना जागृत करने और उन्हें अधिक से अधिक पृथ्वी को हरा.भरा रखने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। 'चन्द्रिका देवी धाम सेवा समिति' के अध्यक्ष व ग्राम. प्रधान ने 'मोनरोको एसोसियेशन'द्वारा दिये गये डोनेशन और उनके 'चन्द्रिका देवी' धाम परिसर को हरा.भरा करने के इस प्रयास की भूरि.भूमि प्रशंसा की । उक्त कार्यक्रम के पश्चात मोनेरको एसोएयेशन के सदस्यों ने उसके आस.पास के आम के बगीचों का भ्रमण भी किया और हरियाली का आनंद उठाया ।